# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 18.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा आई.टी. मंत्री अश्विनी वैष्णव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संयुक्त रूप से मुंबई के राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम–एन.एफ.डी.सी. परिसर में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.सी.टी. के पहले परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने युवाओं को सशक्त बनाने और रचनात्मक उद्योगों को आगे बढ़ाने के सरकार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह संस्थान युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा।

*****************

झारखंड पुलिस ने इस वर्ष जनवरी से जून तक नक्सल, साइबर अपराध, संगठित अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस दौरान 197 नक्सली गिरफ्तार हुए और 17 मुठभेड़ों में मारे गए, साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार, गोलियां और विस्फोटक बरामद किए गए। साइबर अपराध में 620 मामलों में 767 अभियुक्त पकड़े गए और करीब 15 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि फ्रीज की गई। नशा तस्करी के 389 मामलों में 20 करोड़ 44 लाख रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए गए। पुलिस ने संगठित अपराध में शामिल 12 गिरोहों का पर्दाफाश भी किया और अवैध गन फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया।

*****************

रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगर बस्ती में वर्ष 2018 से बंद पड़े एक जर्जर स्कूल भवन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य लोग घायल हो गए। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मृतक के परिजनों और घायलों को नियमानुसार मुआवजा देने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन ने जर्जर भवन को पूरी तरह से ध्वस्त करने का निर्णय लिया है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे सुरक्षा की दृष्टि से विद्यालय परिसर में प्रवेश न करें।

*****************

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के एक प्लांट के कर्मचारियों ने..बकाया वेतन और पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मजदूरों का कहना है कि अधिग्रहण के वक्त नौकरी देने का वादा किया गया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और उग्र होगा।

*****************

पाकुड़ के कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में एक रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिस में सैकड़ों शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों ने भाग लिया और विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों में रोजगार के लिए आवेदन जमा किया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना ही इस मेले का उद्देश्य है।

*****************

हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर बच्चों की पढ़ाई और सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कक्षा में जाकर बच्चों से संवाद किया और शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली। साथ ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल और भवन मरम्मत से जुड़ी समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

*****************

गिरिडीह जिला प्रशासन ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में तेजी लाने का आदेश दिया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*****************

हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आयोजित पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल कुश्ती टूर्नामेंट में भारत के सुजीत कल्कल ने स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने पुरुष के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में यह पदक जीता। सुजीत ने फाइनल में चार बार के पदक विजेता अज़रबैजान के अली रहीमज़ादे को पांच–एक से हराया।

******समाप्त*******